एक नजर में

स्कूटी का टायर फटा युवतियां गिरकर घायल

मुलताई। नेशनल हाईवे वरुड रोड पर ग्राम प्रभात पट्टन नवोदय एवं मंगोनाकला के बीच एक डेस्टनी स्कूटी का टायर फटने से स्कूटी पर सवार दो युवतिया गिरकर घायल हो गई। जिन्हे एक कार चालक द्वारा प्रभातपट्टन के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया है।ग्राम सालई ढाना निवासी प्रत्यक्षदर्शी चन्दन पवार ने बताया बुधवार की शाम करीब 4 बजे डेस्टनी स्कूटी नीले कलर की क्रमांक एमपी 48 जेडबी 8120 से दो युवती प्रभात पट्टन की और से मुलताई की ओर जा रही थी, नवोदय एवं मंगोना कला जोड़ के बीच स्कूटी का टायर फटने से दोनों युवती गिरकर घायल हो गई। जिन्हे एक कार रोक कर प्रभातटन के अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना ग्रस्त स्कूटी किसी शिवानी पाठेकर के नाम आरटीओ मे पंजीकृत है।

प्रगणक को सीएमओ ने किया सम्मानित

मुलताई। वर्तमान में नगर मे जनगणना वर्ष 2026-27 का कार्य प्रारम्भ है। नगरीय क्षेत्र में भी जनगणना प्रारम्भ है। नगर के राजीव गांधी वार्ड में क्रमांक 14 प्रगणक अज़ाबराव बोरबन क्रमांक 42 द्वारा गणना का कार्य किया जा रहा है। प्रगणक बोरबन द्वारा उक्त कार्य समयसीमा से पूर्व सबसे पहले पूर्ण कर अपनी कर्तव्य परायणता परिचय दिया गया। उक्त कार्य मे सुपरवाइजर नवीन माने की भी सराहनीय भूमिका रही। उक्त कार्य के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी एवं जनगणना लिपिक महबूब खान द्वारा प्रगणक बोरबन को शील्ड देकर प्रोत्साहित किया।

आधार पंजीयन एवं अपडेशन अभियान 8 से

बैतूल। छिंदवाड़ा संभाग के डाकघरों के आधार केन्द्रों में नवीन आधार पंजीयन, आधार कार्ड में सुधार, बायोमेट्रिक अपडेशन, आधार डेटा में मोबाईल एवं ईमेल लिंक आदि कार्य करवाने के लिए दो दिवसीय विशेष अभियान 8 मई से चलाया जाएगा। अधीक्षक डाकघर छिंदवाड़ा संभाग ने बताया कि 8 मई और 9 मई को छिंदवाड़ा संभाग के अंतर्गत बैतूल जिले के बैतूल प्रधान डाकघर के अतिरिक्त कोठीबाजार, बैतूल गंज, आठनेर, सारणी, पाथाखेड़ा, दुनावा, मुलताई, आमला, भैंसदेही, चिचोली, शाहपुर उपडाकघर में आधार पंजीयन एवं अपडेशन अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत सभी आधार सेंटर प्रातः 8 बजे से सायं 06 बजे तक तथा,प्रधान डाकघरों में सायंकाल 8 बजे तक कार्य किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपने निकटतम डाकघर आधार केन्द्र में आकर इस सुविधा का लाभ लेने की अपील की है।

प्रकरणों का निष्पक्षता से निराकरण करें

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने बुधवार को आमला स्थित एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयीन व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए तहसीलदार न्यायालय में फौती नामांतरण, बंटवारा, भूमि आवंटन सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों का रैंडम निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्ता एवं निष्पक्षता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पक्षकारों को अपने प्रकरणों के निराकरण में किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा सभी मामलों में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए।

आमला के निर्माणाधीन सांदीपनी स्कूल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

बैतूल, 6 मई. कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने बुधवार को आमला पहुंचकर निर्माणाधीन सांदीपनी स्कूल का निरीक्षण किया।

ड्रेनेज कार्य पूर्ण कर स्कूल हैंडओवर करने दिये निर्देश

सुरक्षा मानकों का पालन करने की सख्त हिदायत

उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित कॉन्ट्रेक्टर एवं कार्य एजेंसी पीआईयू को निर्देश दिए कि स्कूल भवन का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कर शीघ्र हैंडओवर किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने कहा कि ड्रेनेज एवं सीवर लाइन के शेष कार्यों के लिए आवश्यक अनुमति तत्काल प्राप्त कर निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्थिति में समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा स्कूल के बच्चों के उपयोग को ध्यान में रखते हुए टिकाऊ एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने भवन के विभिन्न तलों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों का गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण स्थल पर सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने प्राचार्य को निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करने तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण होने के बाद ही भवन हैंडओवर लेने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल परिसर एवं भवन का भ्रमण कर बस संचालन व्यवस्था का भी जायजा लिया। साथ ही नगरपालिका को पोल शिफ्टिंग का कार्य तेजी से पूर्ण कराने तथा भवन अनुमति से संबंधित प्रक्रियाओं में आवश्यक अनुमतियों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने शासकीय उचित मूल्य दुकान आमला का निरीक्षण कर ऑनलाइन एवं भौतिक राशन स्टॉक का मिलान कराया। हितग्राहियों से राशन वितरण की जानकारी ली। निरीक्षण रजिस्टर में पूर्व में दर्ज टिप्पणियों का अवलोकन किया।

आंगनवाड़ी केन्द्र पहुंचकर बच्चों से किया संवाद

कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने आंगनवाड़ी केंद्र आमला का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद कर भोजन एवं नाश्ते की जानकारी ली तथा स्वयं नाश्ते को चखकर गुणवत्ता जांची। उन्होंने केंद्र में दर्ज कुपोषित बच्चों की स्थिति, स्वास्थ्य जांच, पोषण ट्रैकर एप पर प्रविष्टियों एवं मंगल दिवस आयोजन की जानकारी लेते हुए आंगनवाड़ी केंद्रों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक कलेक्टर पुष्पराज खोटे, एसडीएम शैलेंद्र बड़ोनिया, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत इंदिरा महतो सहित विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

उपार्जन केन्द्र आमला का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने बुधवार को आमला भ्रमण के दौरान बालाजी वेयरहाउस स्थित खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। प्रगति स्व सहायता समूह द्वारा संचालित इस उपार्जन केंद्र पर उन्होंने तुलाई, परिवहन, भंडारण एवं भुगतान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने स्व सहायता समूह के सदस्यों से चर्चा कर लाभांश का समान एवं पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश एसडीएम आमला को दिए। उन्होंने विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष हुई खरीदी की जानकारी भी प्राप्त की तथा केंद्र पर खरीदी गई उपज की गुणवत्ता का परीक्षण किया। कलेक्टर ने केंद्र पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान किसानों ने ग्राम त्रिमहु क्षेत्र में ट्रांसफार्मर के कारण खेतों में बार-बार आग लगने की समस्या से अवगत कराया। इस पर कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने एमपीईबी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्या का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को नुकसान से बचाया जा सके। उन्होंने परिवहन एवं भुगतान व्यवस्था की भी जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि किसानों को उपार्जन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। खरीदी कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जाए तथा भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाए।

सीएमओ के पदभार ग्रहण करते ही नपा के कार्यों में आई तेजी

नवभारत न्यूज

बैतूल, 6 मई. नगरपालिका परिषद बैतूल में नवीन ऊर्जा का संचार हुआ है। मुख्य नपा अधिकारी नवनीत पांडे के पदभार संभालते ही नपा के सारे कार्य सुचारु रूप से शुरू हो गए हैं और परिषद में पुनः जान आ गई है।

सीएमओ के आने के बाद बदल रही शहर की तस्वीर

स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित शहर बनाने हर संभव प्रयास

पदभार ग्रहण करने के बाद से अब तक श्री पांडे के कुशल नेतृत्व में नगर पालिका परिषद बैतूल में लंबे समय से अटके पड़े विकास कार्यों को गति मिली है। सड़क निर्माण, नाली सफाई, जलापूर्ति, स्वच्छता अभियान और अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित कार्य व्यवस्थित ढंग से संचालित हो रहे हैं। कर्मचारियों में भी नई कार्य संस्कृति का प्रवेश हुआ है और दैनिक गतिविधियां समयबद्ध तरीके से पूरी की जा रही हैं। नागरिकों का कहना है कि पिछले कुछ समय में नगर पालिका कार्यालय में व्याप्त उदासीनता अब समाप्त हो गई है। शिकायतों का त्वरित निपटारा, पारदर्शी कार्यप्रणाली और सक्रिय निगरानी के कारण आमजन में नई उम्मीद जगी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सीएमओ नवनीत पांडे के आने के बाद शहर की तस्वीर बदल गई है। काम हो रहे हैं और नतीजे भी दिख रहे हैं। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों का भी मानना है कि श्री पांडे के मार्गदर्शन में विभागीय समन्वय बेहतर हुआ है, जिससे विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो पा रहा है। सीएमओ नवनीत पांडे ने स्पष्ट संदेश दिया है कि बैतूल को एक स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित शहर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने सभी कर्मचारियों को नागरिक केंद्रित कार्य करने के निर्देश दिए हैं। बैतूलवासियों में यह उम्मीद जागी है कि नवनीत पांडे के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद अब और अधिक तेज गति से विकास की राह पर अग्रसर होगी।

सर्राफा संघ ने अग्नि पीड़ितों को भेंट की अलमारियां

बैतूल। बर्राढाना अग्निकांड के बाद प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के प्रयास लगातार जारी हैं। इसी क्रम में सराफा संघ ने 10 आलमारियां देकर पीड़ितों को जरूरी सहयोग प्रदान किया है।

सराफा संघ के अध्यक्ष अरुण गोठी के नेतृत्व में इस राहत कार्य को अंजाम दिया गया। उनके साथ संघ के अन्य पदाधिकारी और सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

इस पहल को जिला कलेक्टर द्वारा सराहा गया और इसे सामाजिक सहयोग का सकारात्मक उदाहरण बताया गया। प्रशासन का मानना है कि इस तरह के छोटे-छोटे प्रयास भी आपदा की घड़ी में पीड़ितों के लिए बड़ी राहत साबित होते हैं। इस दौरान नवीन तातेड, लोकेश पगारीया, उषभ गोठी, प्रशांत मारोठी, श्रीकांत अग्रवाल, कमलेश सोनी, प्रफुल गोठी, अखलेश गोठी और दिनेश कांटा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और आगे भी हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

दुनावा, मासोद, प्रभात पटन मंडल में हुई कामकाजी बैठक

मुलताई। विधानसभा क्षेत्र मुलताई के दुनावा, मासोद, प्रभात पटन मंडल में बुधवार दोपहर कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया दुनावा मंडल की कामकाजी बैठक ग्राम चिखलीकला में आयोजित की गईं। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के ऐतिहासिक जीत की सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पार्टी के विचारों के विस्तार के लिए मंडल स्तरों पर बैठ के आयोजित की जा रही है। बैठक में सभी पदाधिकरियो की उपस्थित शत प्रतिशत होने पर अनिवार्य बताया, उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं में संगठन को जीवंत बनाने के लिये जीवंत संपर्क करना जरूरी है। जिला मंत्री वर्षा गढेकर ने बैठक में मंडल के विस्तार के लिए मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से शक्तिकेंद्र एंव बूथ प्रभारियो की बैठक कराने संबंधित जानकारी दी गईं। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, जिला मंत्री वर्षा गढेकर, दुनावा मंडल अध्यक्ष अमित पवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सेवा भारती संस्कार केंद्र का किया अवलोकन

पाथाखेड़ा। सारनी नगर के वार्ड क्रमांक 10 में संचालित सेवा भारती संस्कार केंद्र का आज संचालन समिति के सदस्यों द्वारा अवलोकन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से संचालित इस केंद्र में शिक्षा एवं संस्कार से वंचित बच्चों को समग्र विकास की दिशा में तैयार किया जा रहा है। केंद्र संचालिका कनिका हालदार के मार्गदर्शन में यहां 20 से अधिक बच्चों को नियमित रूप से राष्ट्रभक्ति गीत, कविता, भजन, खेल एवं नैतिक शिक्षा के माध्यम से संस्कारित किया जा रहा है। बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने का यह प्रयास क्षेत्र में

सराहनीय माना जा रहा है।अवलोकन के दौरान संचालन समिति के वरिष्ठ समाजसेवी सदस्य पी.जे. शर्मा, श्याम मदन, जगदीश आहूजा, पंजाबराव भास्कर, योगेंद्र ठाकुर एवं दिनेश प्रकाश मिश्रा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उन्होंने केंद्र की गतिविधियों का निरीक्षण कर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए इस पहल को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर समिति सदस्यों द्वारा बच्चों को फल एवं शिक्षण सामग्री वितरित की गई, जिससे बच्चों में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण देखने को मिला।

बघोड़ा में 15 दिनों मे एक बार मिल रहा है पीने का पानी

मुलताई। जनपद पंचायत प्रभात पट्टन की ग्राम पंचायत बघोड़ा में पीने के पानी के लिए त्राहि त्राहि मची है, ग्राम मे भीषण पेयजल संकट होने के बाद भी सरपंच सचिव द्वारा जल संकट का निराकरण करने मे कोई रूचि नहीं दिखाई जा रही है। जिससे ग्राम मे15 दिनों मे एक बार नलों के माध्यम से पीने का पानी मिला पा रहा है। ग्राम बघोड़ा निवासी युवक मनीष धोटे ने ग्राम मे पेयजल समस्या के संबंध मे सरपंच सचिव से शिकायत करते हुए जल संकट का निराकरण करने की बात रखी जिसका विडियों भी सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। मनीष धोटे जारी वीडियो मे बताया की ग्राम मे गर्मी के दिनों मे 15 दिनों मे एक बार नल आ रहा है। जबकि ग्राम मे पंचायत के कुए मे भरपूर पानी है,नल जल योजना के तहत ग्राम मे हर घर मे नल लगे हुए है, लेकिन शासन की योजना का ग्रामीणों को लाभ नही मिला पा रहा है। उन्होने सांसद,विधायक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से भी समस्या के निराकरण की मांग की। युवक मनीष का कहना है की ग्राम मे पंचायत के कुए मे भरपूर पानी है लेकिन सरपंच पति एवं सचिव की इच्छा शक्ति नही है की वे ग्राम की जल समस्या का निराकरण करे।

सारनी में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का किया सम्मान

पाथाखेड़ा। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह में अप्रैल माह में अधिवार्षिक आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए चार कर्मचारियों अब्दुल लतीफ खान कार्यालय सहायक श्रेणी-1, दीपक वाघ, राजू ठाकरे एवं राजालाल द्विवेदी वरिष्ठ संयंत्र सहायक का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया तथा विभाग की ओर से मुख्य अभियंता एस.के. लिल्होरे, एस.एन. सिंह, अतिरिक्त मुख्य अभियंता हरिराम नरवरिया, मुख्य रसायनज्ञ पीयूष गुप्ता एवं अधीक्षण मुख्यालय संजीव त्रिपाठी द्वारा शाल, श्रीफल, मिष्ठान एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इसी क्रम में

श्रीसिंगाजी ताप विद्युत गृह से सेवानिवृत्त सहायक अभियंता एस.के. वर्मा का भी स्व सुरक्षा निधि समिति द्वारा सम्मान किया गया। समिति के सचिव अम्बादास सूने ने बताया कि श्री वर्मा द्वारा अपनी देय राशि को पुन: अनुदान स्वरूप समिति को समर्पित करना अत्यंत सराहनीय कदम है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत संचालित यह समिति पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए सदस्यों को आकस्मिक परिस्थितियों में आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है।

कोयलारी घटना पर हिंदू संगठनों का प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग

बैतूल। भौंरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोयलारी में जंगली सूअरों को मारने के लिए रखे गए विस्फोटक चारे से गोवंश की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस घटना में पुलिस ने आरोपी किसान को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं विभिन्न हिंदू संगठनों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और कड़ी कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार, ग्राम कोयलारी निवासी राकेश चौहान पारधी ने जंगली सूअरों से परेशान होकर अपने खेत में आटे में लिपटे देशी बम रखे थे। ये विस्फोटक खुले में पड़े थे, जिन्हें चरने के दौरान गायों ने खा लिया। विस्फोट

होने से दो गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही भौंरा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नर्मदापुरम से बम निरोधक दस्ता टीम को बुलाया गया। टीम ने मौके पर जांच करते हुए कुल 9 जिंदा बमों को सुरक्षित तरीके से नष्ट किया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह जंगली जानवरों से फसल बचाने के लिए यह अवैध तरीका अपना रहा था। इधर, इस घटना के विरोध में राष्ट्रीय हिन्दू सेना और श्री योग वेदांत सेवा समिति सहित कई संगठनों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए घटना को अमानवीय बताया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने निष्पक्ष जांच के लिए विशेष जांच दल गठित करने, आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कराने और कठोर सजा दिलाने की मांग रखी।

निरीक्षण घर पहुंचकर मकान सूचीकरण कार्य का किया रैंडम सत्यापन, प्रगणकों को दिए सटीक प्रविष्टि के निर्देश

जनगणना 2026 के एचएलबी कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

बैतूल, 6 मई. कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने बुधवार को आमला क्षेत्र में जनगणना 2026 अंतर्गत संचालित हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस (एचएलबी) कार्यों का निरीक्षण किया।

मकानों के सूचीकरण कार्य का रैंडम सत्यापन किया

सूचीकरण कार्य में दर्ज जानकारी का मिलान कराया

इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में पहुंचकर घर-घर किए जा रहे मकान सूचीकरण कार्य का रैंडम सत्यापन किया तथा प्रगणकों द्वारा भरी जा रही जानकारी का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने स्वयं कुछ घरों में पहुंचकर परिवारों से चर्चा की और सूचीकरण कार्य में दर्ज की जा रही जानकारी का मिलान कराया। उन्होंने रहवासी मुनि खैर के घर पहुंचकर जनगणना के तहत पूछे जाने वाले सभी 33 प्रश्नों की जानकारी ली तथा प्रगणकों द्वारा दर्ज की जा रही प्रविष्टियों का परीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रविष्टियां पूरी सावधानी, सटीकता एवं पारदर्शिता के साथ दर्ज की जाएं, ताकि जनगणना का डाटा त्रुटिरहित तैयार हो सके। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने प्रगणकों से चर्चा करते हुए कहा कि जनगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी पूर्ण है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या गलत जानकारी भविष्य की योजनाओं एवं नीतियों को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने सभी प्रगणकों को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक परिवार एवं मकान की सही जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रहवासियों ने बताया कि विगत एक माह से नालियों की साफ-सफाई नहीं होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वच्छता निरीक्षक को नोटिस

उन्होंने इस दौरान क्षेत्र के रहवासियों से चर्चा भी की। रहवासियों ने बताया कि विगत एक माह से नालियों की साफ-सफाई नहीं होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान सहायक कलेक्टर पुष्पराज खोटे, एसडीएम शैलेंद्र बड़ोनिया, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत इंदिरा महतो सहित विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना से आत्मनिर्भर बने पंकज

बैतूल। कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने आमला भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना से लाभान्वित हितग्राही श्री पंकज नागले की रुकमणि मसाला इकाई का निरीक्षण किया। उन्होंने इकाई में संचालित विभिन्न मशीनों एवं उत्पादन प्रक्रिया का अवलोकन कर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने पैकेजिंग मशीन एवं ग्रेडिंग मशीन को अपने समक्ष संचालित कराकर देखा तथा मसाला निर्माण में उपयोग किए जाने वाले कच्चे माल के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विशेष रूप से धनिया एवं हल्दी पाउडर के लिए कच्चा माल कहां से प्राप्त किया जाता है, इसकी जानकारी ली। पंकज नागले ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री सूक्ष्म

खाद्य उद्यम योजना के तहत 9 लाख 64 हजार रुपए की ऋण सहायता प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने रुकमणि मसाला इकाई की स्थापना की। उन्होंने बताया कि इकाई के माध्यम से दो लोगों को प्रशिक्षण देकर रोजगार से भी जोड़ा गया है। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने श्री नागले के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि योजनाओं का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देना है। उन्होंने मसाला इकाई का और अधिक विस्तार करने तथा उत्पादों की गुणवत्ता एवं पैकेजिंग पर विशेष ध्यान देने के सुझाव दिए। इस दौरान कलेक्टर डॉ सोनवणे ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत मिनी ट्रैक्टर से लाभान्वित हितग्राही से भी चर्चा की और उनकी बागवानी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।